# संक्रमण से बचाने के लिए श्रमिकों को करेंगे जागरूक

## स्मॉल इंडस्ट्रीज एंड मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन खोलेगा 1,000 जागरूकता केंद्र

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी के उद्यमी यहां के औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए उन्हें जागरूक करेंगे। इसमें डॉक्टरों की मदद भी ली जाएगी। स्माल इंडस्ट्रीज एंड मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन इन औद्योगिक क्षेत्रों के अलावा प्रदेश के 1000 गांवों में जागरूकता केंद्र खोलेगा। इसमें पंचायतीराज विभाग भी सहयोग कर रहा है। जागरूकता टीम का मार्गदर्शन एसोसिएशन के संरक्षक व पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन करेंगे।

एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि जागरूकता केंद्र पर शिविर आयोजित करके गांव के प्रधान, पूर्व प्रधान व स्वयंसेवी संस्थाओं के संचालक मजदूरों और ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दिलाने में सहयोग करेंगे। जागरूकता अभियान की शुरुआत सरोजनी नगर औद्योगिक क्षेत्र के 10 किमी के दायरे में स्थित 10 गांवों से होगी।



**सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र के 10 किमी के दायरे में स्थित 10 गांवों से होगी शुरुआत**

औद्योगिक इकाइयों में इन गांवों से ही सर्वाधिक श्रमिक काम करने के लिए आते हैं। बाद में इस अभियान से अन्य जिलों के गांव भी जुड़ते जाएंगे। एसोसिएशन प्रत्येक गांव को एक मेडिकल किट देगा। इसमें पल्स ऑक्सीमीटर, थर्मामीटर, मास्क और सैनिटाइजर होगा। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान गांव को सैनिटाइज भी किया जाएगा। जागरूकता अभियान के लिए वालंटियर तैयार किया जाएगा।

### पार्क को गोद लेकर बनाएंगे आरोग्य वाटिका

सरोजिनी नगर औद्योगिक एरिया को आधुनिक बनाने का भी प्रस्ताव है। एसोसिएशन फिलहाल यहां स्थित पार्क को गोद लेकर उसे आरोग्य वाटिका के रूप में विकसित करेगा। इसमें औषधीय पौधे लगाए जाएंगे। उद्यमिता विकास संस्थान ने जागरूकता अभियान में भी मदद का भरोसा दिलाया है।